मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 118 ■ मंगलवार, 22 जुलाई 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.    Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com    epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**तारा और वीर ने रिश्ते को किया कन्फर्म?**

# छज्जा गिरने से मजदूर की मौत

- **इमारत मालिक महेश साधवानी गिरफ्तार**
- **पुरानी इमारत में चल रहा मरम्मत का कार्य**
- **फर्नीचर बाजार में हादसा**
- **मजदूर सुरक्षा की अनदेखी**



उल्हासनगर. उल्हासनगर-3 स्थित फर्नीचर बाजार में एक जर्जर और खतरनाक इमारत का छज्जा मजदूर के सिर पर गिरने से उसकी मौत हो गई। यह इमारत फर्नीचर बाजार में माया होटल के बगल में स्थित है। इससे ख़तरनाक इमारतों के साथ-साथ आस-पास रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठ खड़ा हुआ है। उल्हासनगर में ख़तरनाक इमारतों का मुद्दा कई सालों से लंबित है। पिछले कुछ दिनों में मजदूर सुरक्षा में लापरवाही के कारण कुछ मौतें भी हुई हैं। इस हादसे में इमारत के मालिक महेश साधवानी के खिलाफ सेंट्रल पुलिस में मामला दर्ज कर उन्हें लापरवाही का दोषी ठहराते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

उल्हासनगर शहर में पिछले कुछ सालों में खतरनाक इमारतों का मुद्दा गंभीर हो गया है। उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने इनमें से ज़्यादातर ख़तरनाक इमारतों को सूचीबद्ध करके उन्हें खाली करा लिया था। हालांकि, कुछ ख़ाली इमारतों के समय पर न ढहने के कारण, उनके कुछ हिस्से ढह गए, जिससे नागरिकों की मौत या घायलों की संख्या में वृद्धि हुई। कुछ नागरिक इन ख़तरनाक इमारतों के रखरखाव और मरम्मत का प्रयास करते हैं। यह प्रयास कई लोगों पर उल्टा पड़ गया है। रविवार को उल्हासनगर शहर में भी ऐसी ही एक घटना सामने आई।

मृतक मजदूर का नाम रावसाहेब ननावरे है और वह कुछ दिनों से इस इमारत की मरम्मत का काम कर रहा था। घटना के समय रावसाहेब और कुछ अन्य मजदूर इमारत की संकरी जगह में खड़े होकर मरम्मत कार्य कर रहे थे। उसी समय अचानक ऊपर से खिड़की का एक बड़ा छज्जा टूटकर सीधे रावसाहेब के सिर पर गिर गया। इसके बाद रावसाहेब को तुरंत उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मनपा की आपातकालीन टीम और पुलिस मौके पर पहुँची।

इस मामले में, रावसाहेब के रिश्तेदार की शिकायत पर इमारत के मालिक महेश साधवानी के खिलाफ सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। उन पर मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरण दिए काम करवाने का आरोप है। इमारत मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि अभी दो दिन पहले ही अंबरनाथ शहर में भी इसी तरह मजदूरों की सुरक्षा का ध्यान न रखने के कारण एक मजदूर की मौत हो गई थी। बदलापुर शहर में भी ऐसी ही एक घटना हुई थी।

# ‘लहंगे की तरह तुम्हें भी काट दूंगा’

- **लहंगा रिटर्न करने को लेकर दुकान में मचा बवाल**



**कल्याण.** कल्याण से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां पर एक शख्स ने चाकू लहराते हुए एक कपड़े के दुकानदार को धमकी देते हुए कहा कि वह उसके काट डालेगा। इसके बाद पूरे दुकान में टेंशन का माहौल देखने को मिला। दरअसल, कल्याण में एक महिला ने एक मशहूर गारमेंट स्टोर से एक 32000 रुपये का लहंगा खरीदा था। हालांकि, ये लहंगा महिला को पसंद नहीं और वह इसको वापस करने के लिए दुकानदार के पास गई। दुकानदार ने लहंगा को वापस करने से इनकार कर दिया। इसी को लेकर विवाद हुआ।

### दुकानदार को शख्स ने दी धमकी

जानकारी के अनुसार, लहंगा पसंद नहीं आने की स्थिति में महिला दुकानदार के पास उसे वापस करने पहुंची। हालांकि, दुकानदार ने पैसे वापस करने से इनकार कर दिया और उसे उसी कीमत पर दूसरा लहंगा खरीदने को कहा।

दुकानदार के पैसे वापस करने से इनकार के बाद महिला के मंगेतर सुमित सयानी गुस्से में आ गए और अपनी जेब से एक काला चाकू निकाला और उससे नया लहंगा फाड़ दिया। इसके साथ ही उसको पैरों से कुचल दिया।

### 'मुझे पैसे वापस दो'

इसके बाद सुमित सयानी दुकान के काउंटर पर गए और लहंगे के साथ लाए ब्लाउज को भी चाकू से काट दिया। इसके बाद दुकानदार को धमकी देते हुए कहा कि मैं तुम्हें भी इसी तरह काट डालूंगा। मुझे पैसे वापस दो। ये पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

इस पूरे प्रकरण के बाद दुकानदार जमीन से फटा हुआ लहंगा उठाता हुआ नजर आ रहा है। वहीं, सयानी गुस्से में टहलते हुए नजर आ रहे हैं। इस मामले में दुकानदार ने कल्याण के बाजारपेठ पुलिस थाने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद सुमित सयानी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# उल्हास नदी पुल का स्ट्रक्चरल ऑडिट



- **रिपोर्ट के बाद की जाएगी पुल की मरम्मत**

**बदलापुर.** बदलापुर पश्चिमी भाग में उल्हास नदी पुल का लोक निर्माण विभाग द्वारा ऑडिट किया गया है। इस संबंध में शीघ्र ही रिपोर्ट प्राप्त होगी तथा तद्नुसार इस पुल की आवश्यक मरम्मत या रखरखाव किया जाएगा।

बदलापुर शहर और बदलापुर गांव क्षेत्रों को जोड़ने वाले उल्हास नदी पर बने पुराने पुल का संरचनात्मक ऑडिट किया गया। लोक निर्माण विभाग की एक टीम ने पुल का निरीक्षण किया और संरचनात्मक ऑडिट किया। बताया गया है कि इस संबंध में एक रिपोर्ट शीघ्र ही प्रस्तुत की जाएगी और तदनुसार, इस पुल की आवश्यक मरम्मत या रखरखाव किया जाएगा। यह जानकारी उल्हासनगर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर प्रशांत कुमार मानकर ने दी है। संरचनात्मक ऑडिट के दौरान पुल पर यातायात बंद रखा गया। दोपहर बाद इसे यातायात के लिए पुनः खोल दिया गया। उल्हास नदी पर बना पुराना पुल लगभग 48 वर्ष पुराना है और पुल के आधार कुछ स्थानों पर टूट गए हैं, तथा जर्जर आधारों में दरारें भी दिखाई दे रही हैं। बढ़ती वाहन संख्या के कारण पुल पर वाहनों का भार भी बढ़ रहा था। इसलिए नागरिकों की ओर से उल्हास नदी पर एक नया पुल बनाने की मांग की जा रही थी। इस पर ध्यान देते हुए विधायक किसन कथोरे ने उल्हास नदी पर एक नए पुल के निर्माण के संबंध में सरकार से बात की थी। उनके प्रयास सफल रहे। कुछ महीने पहले बदलापुर में एक नये पुल का निर्माण और उद्घाटन किया गया।

# उल्हासनगर में 4 नाबालिग चोरों के गिरोह का भंडाफोड़

- **दो मोटरसाइकिलों के साथ एक एम्बुलेंस बरामद**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर निवासी अभिजीत तिवारी की एक एम्बुलेंस चोरों द्वारा चुराए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में चार नाबालिग बच्चों को हिरासत में लिया गया है।

अभिजीत तिवारी कैंप 4 के लालचक्की इलाके में एक अपार्टमेंट में रहते हैं। उन्होंने रात करीब 10 बजे शिवनेरी अस्पताल के गेट के पास एम्बुलेंस खड़ी की थी और खाना खाने के लिए घर गए थे। दोपहर 3 बजे जब वह रामरक्षा अस्पताल से एक मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने गए, तो वहाँ एम्बुलेंस नहीं थी। चौकीदार ने बताया कि उसने किसी को उसे ले जाते देखा था। इसलिए, जैसे ही उन्हें एम्बुलेंस चोरी होने का पता चला, उन्होंने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।





विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली और पुलिस निरीक्षक चंद्रहर गोडसे के मार्गदर्शन में, पुलिस उपनिरीक्षक वेंकट दराडे, पुलिस अंमलदार रामदास मिसाल, दिलीप चव्हाण, संतोष सांगले, गणेश राठौड़ और चंद्रकांत गायकवाड़ की टीम ने तकनीकी विश्लेषण और खुफिया जानकारी के आधार पर तुरंत जाँच शुरू की। कुछ ही घंटों में, पुलिस अंबरनाथ के हेरंब मंदिर के पास चोरी हुई एम्बुलेंस का पता लगाने में सफल रही। जाँच में पता चला कि चोरी चार नाबालिग अपराधियों ने की थी। उनके कब्जे से चोरी की गई एम्बुलेंस, एक स्कूटर और एक मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई है।

# कल्याण के चीनी विक्रेता से सांगली के व्यापारी ने 24 लाख रुपए ठगे

**कल्याण.** कल्याण के एक चीनी विक्रेता को सांगली के मार्केट कमेटी (मार्केट यार्ड) परिसर में स्थित एक चीनी आपूर्तिकर्ता विक्रेता ने 24 लाख 25 हज़ार रुपये की ठगी का शिकार बनाया है।

कल्याण के जिस चीनी विक्रेता के साथ धोखाधड़ी हुई है, उसका नाम दानिश निज़ाम सैय्यद (31) है। वह दूधनाका इलाके में रहता है। यह धोखाधड़ी मार्च से जुलाई तक पाँच महीनों के दौरान हुई। शिकायतकर्ता दानिश सैय्यद चीनी के थोक विक्रेता हैं। मार्च में, व्यापारी दानिश सैय्यद ने सांगली के मार्केट कमेटी परिसर में स्थित एक थोक चीनी आपूर्तिकर्ता के पास 50 लाख टन चीनी की माँग दर्ज कराई थी। इस माँग के बदले में, दानिश सैय्यद ने आपूर्तिकर्ता के प्रतिष्ठान, गणेश शुगर्स के बैंक खाते में 16 लाख रुपये ऑनलाइन भेजे थे। दूसरे चरण में, दानिक सैय्यद ने चीनी आपूर्ति के लिए ऑनलाइन माध्यम से दूसरी बार सांगली के व्यापारी के बैंक खाते में 8 लाख 25 हज़ार रुपये जमा किए। पाँच महीने बीत जाने के बाद भी, सांगली का व्यापारी चीनी की आपूर्ति नहीं की. अपने पैसों की हेराफेरी का एहसास होने पर, कल्याण के व्यापारी दानिश सैयद ने बाजार पेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सहायक पुलिस निरीक्षक तुलसीराम राठौड़ मामले की जाँच कर रहे हैं।

# कल्याण पूर्व में कोयता गैंग के 2 गिरफ्तार

- **2 अपराधी फरार, तलाश जारी**
- **तलवार, कुल्हाड़ी और वाहन के साथ धराए गए**



**कल्याण.** कल्याण पूर्व के चक्की नाका इलाके में उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने पीछा कर कोयता गैंग के 2 लोगों को गिरफ्तार किया है. क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि बदलापुर में हत्या के प्रयास का आरोपी चक्की नाका इलाके में आने वाला है। पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण खोचरे की टीम ने जाल बिछाया और चक्की नाका क्षेत्र में चार पहिया वाहन का पीछा कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदलापुर निवासी कुणाल गायकवाड़ और खड़वली निवासी अशफाक खान को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा ने हथियार और चार पहिया वाहन जब्त कर लिया है और गहन जांच शुरू कर दी है। तलवार और दरांती लेकर चलने के कारण उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अप्पा दांडे, अपराधी बंटी श्रीवास्तव और उनके साथी घातक हाथियारों के साथ संज्ञेय अपराध करने के इरादे से कल्याण पूर्व के चक्की नाका क्षेत्र में आने वाले हैं। सूचना मिलने पर उल्हासनगर अपराध शाखा के पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण खोचरे के नेतृत्व में एक टीम ने चक्की नाका क्षेत्र में जाल बिछाया।

चार पहिया वाहन में चक्की नाका क्षेत्र में पहुंचने के बाद पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा किया. उन्हें रोकने के बाद, अपराध शाखा ने दो व्यक्तियों, कुणाल कैलाश गायकवाड़ और अशफाक अशरफ खान को गिरफ्तार कर लिया, जिनके पास घातक हथियार, एक तलवार और एक चाकू था। अपराध शाखा ने उनके पास से कुल 5 लाख रुपये मूल्य का सामान जब्त किया है, जिसमें एक तलवार, एक दरांती और अपराध में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर मोटर कार शामिल है।

2 अन्य आरोपी अप्पा दांडे और बंटी श्रीवास्तव जाल से भागने में सफल रहे हैं और उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। चूंकि दोनों आदतन अपराधी हैं, इसलिए उल्हासनगर क्राइम ब्रांच उन्हें गिरफ्तार करने के लिए कल्याण डोंबिवली सहित आसपास के इलाकों में जांच कर रही है।

अपराध शाखा ने दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच कराई है और उनके खिलाफ कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण खोचरे, पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र थोरवे, गणेश गावड़े, विक्रम जाधव, रेवन्नाथ शेकड़े, रामदास उगले और अशोक थोरवे की टीम ने कार्रवाई की।

# टिटवाला से स्कॉर्पियो चुरानेवाला जोधपुर से गिरफ्तार

- **कल्याण तालुका पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई**



**टिटवाला.** कल्याण तालुका पुलिस स्टेशन की डीबी टीम ने राजस्थान से रीजेंसी सर्वम क्षेत्र से चोरी की गई स्कॉर्पियो कार को बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है और मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिकायतकर्ता बाला कोटेश्वरराव वेंकटसुबाराव लिंगोनेनी (उम्र 59, निवासी शिवानंदनगर, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश) की स्कॉर्पियो कार 23 जनवरी को टिटवाला पूर्व से एक अज्ञात चोर द्वारा चुरा ली गई थी। इस मामले में कल्याण तालुका पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान, पुलिस इंस्पेक्टर बाला कुंभार और उनकी अपराध स्थल जांच टीम ने घटनास्थल के डेटा, सीडीआर, एसडीआर और सीसीटीवी फुटेज का तकनीकी विश्लेषण किया। पता चला कि संदिग्ध आरोपी सुरेश कालूराम उदाणी (निवासी उधनी की ढाणी, तालुका फलोदी, जिला जोधपुर, राजस्थान) था। हालांकि, आरोपी को पकड़ना मुश्किल था क्योंकि वह लगातार अपना मोबाइल नंबर बदल रहा था और रिश्तेदारों के संपर्क में था। फिर भी, पुलिस अमलदार टाळत, योगेश निर्मल और कुणाल बावदाने ने विश्लेषण की मदद से आरोपी का पता लगा लिया।



# अंबरनाथ नपा अतिक्रमण विभाग के पुराने कर्मचारियों का तबादला किया जाए

- **उनकी मनमानी से शहरवासी परेशान**
- **मुख्याधिकारी का हो रहा नाम बदनाम**

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के अतिक्रमण विभाग में गत कई वर्षों से कुछ कर्मचारियों का तबादला ना होने से उनकी मनमानी बढ़ जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं. फेरीवालों से मुफ्त में सामान मांगना, किसको पूछकर लगाया, इस तरह दमदाटी करना, अवैध निर्माणों पर जाकर उनसे पैसों की मांग करना, कुछ कर्मचारियों की दादागिरी बढ़ गई है. इस कर्मचारियों का कुछ महिने से पहले तबादला हो गया था. लेकिन फिर से उन्होंने अतिक्रमण विभाग पर कब्जा जमा लिया है. मुख्य अधिकारी गायकवाड़ को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. इन कर्मचारियों के कारण शहर में अतिक्रमण भी बढ़ गया है. इन कर्मचारियों को मालूम है कि शहर में कहां-कहां अवैध निर्माण हो रहा है. वह अवैध निर्माण स्थल पर जाकर अपना जेब गरम करके आ जाते हैं. इससे मुख्याधिकारी एवं अतिक्रमण विभाग के अधिकारी का नाम भी बदनाम हो रहा है. इन पुराने कर्मचारियों का तबादला अब जरूरी हो गया है. अन्य कर्मचारियों को उनके स्थान पर नियुक्ति किया जाना अब जरूरी हो गया है. अतिक्रमण विभाग में गत कई वर्षों से कई कर्मचारी तैनात हैं. उनका तबादला आरोग्य विभाग में होने के बाद वह बेचैन हो जाते हैं और कुछ नेताओं की सिफारिश से एवं अधिकारियों के सामने हाथ जोड़ कर वापस उसी स्थान पर आने से शहर में अतिक्रमण बढ़ जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं.

**राजेश वधारिया के मार्गदर्शन में महिलाओं के लिये**

# बीमा सखी योजना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन





**उल्हासनगर.** केंद्र सरकार व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिये कई योजनाएँ शुरू की गई है। जिसके तहत बीमा सखी योजना नामक एक विशेष एलआयसी योजना को भी शुरू किया गया है। जिसके तहत महिलाओं को एलआयसी एजेंट बनने की ट्रेनिंग दी जाती और हर महिने ७ हजार रूपये तक स्टाइपेंड भी मिलता है। बता दे कि उसी उपलक्ष्य में भाजपा उल्हासनगर जिल्हाध्यक्ष राजेश वधारिया के मार्गदर्शन में जिल्हा कार्यालय में महिलाओं के लिये एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। जिस शिविर में वरिष्ठ एलआयसी अधिकारी भी उनके सहभागी बने और साथ मंडल 3B के अध्यक्ष हरेश भाटिया द्वारा भी शिविर में हिस्सा लेते हुए योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। बहरहाल उक्त शिविर में प्रशांत पाटिल, दिनेश पंजाबी, विनोद गोवानी, डॉ. एसबी सिंह, मंगला चांडा, राम टेकचंदानी व अन्य कई पक्ष के पदाधिकारी मौजूद थे।



# भिवंडी में नकली अमूल बटर बनाने और बेचने के आरोप में 2 गिरफ्तार



**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस ने भिवंडी के खुले बाजार में नकली अमूल बटर बनाने और बेचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जीशान मुश्ताक अंसारी (29) और मोहम्मद मुदशीर मोहम्मद अकरम शेख (23) के रूप में हुई है, जो दोनों भिवंडी के मंगल बाजार स्लैब निवासी हैं। पुलिस ने मामले में सेल्समैन संजय सिरसे को भी सह-आरोपी बनाया है। ठाणे खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य अधिकारी शुभांगी कर्णे ने शिकायत दर्ज कराई थी। परिसर से 1 लाख 13 हजार का नकली अमूल बटर, पैकेजिंग सामग्री और रसायन जब्त किए गए।

# महावितरण कार्यालय पर नागरिकों का मोर्चा

उल्हासनगर. महावितरण के ढीले प्रबंधन से परेशान उल्हासनगर कैंप क्रमांक 5 के नागरिकों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया और उन्होंने आकाश कॉलोनी स्थित महावितरण कार्यालय तक एक सार्वजनिक विरोध मार्च निकाला। लगातार बिजली कटौती से नागरिकों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, व्यापार और उद्योग ठप्प पड़ गए हैं तथा घरेलू स्तर पर पानी की समस्या और भी गंभीर हो गई है। गुस्साए नागरिकों ने इस सबके खिलाफ आंदोलन किया और नारे लगाकर महावितरण को जगा दिया।

महावितरण कार्यालय तक निकाले गए मार्च में शिवसेना के उपमहापौर परशुराम पाटिल, पूर्व नगरसेवक विकास पाटिल, साजरे वर करवदे, गणेश चौगुले, राजू घड़्याली, आदिनाथ कोरडे, नीलेश शिंदे, गणेश शिंदे और अन्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लिया।





नागरिकों द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार, कैंप 5 क्षेत्र में अक्सर बिजली गुल रहती है। इससे लोगों का दैनिक मजदूरी वाला रोजगार रुक गया है, दुकानें बंद हैं और ऑनलाइन काम करने वाले व छात्रों की शिक्षा बाधित हो रही है। उल्लेखनीय बात यह है कि चूंकि पानी की आपूर्ति के साथ ही बिजली की आपूर्ति भी बंद कर दी गई थी, इसलिए घरों में पानी की कमी हो गई है।

नागरिकों ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महंगे बिजली बिल चुकाने के बाद भी उन्हें सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इस विरोध प्रदर्शन में नागरिकों ने अधिकारियों को एक बयान सौंपा है, जिसमें बिजली कटौती के कारणों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने, नियमित और निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, महंगे बिजली बिलों की समीक्षा करने और नागरिकों को रियायतें देने तथा समय पर जलापूर्ति और निर्बाध बिजली आपूर्ति का समन्वय करने जैसी महत्वपूर्ण मांगें की गई हैं।

महावितरण के अधिकारियों ने आठ दिनों के भीतर बिजली की समस्या का समाधान करने का वादा किया है। हालाँकि, नागरिकों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और अधिक तीव्र विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। इस जन आक्रोश के कारण, महावितरण के लिए नागरिकों की समस्याओं का सामना करने और उनका समाधान खोजने का समय आ गया है, और पूरा शहर इस आने वाले सप्ताह में प्रशासन की कार्रवाइयों पर ध्यान देगा।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## स्वच्छता के विस्तार की कड़ियां

किसी भी देश और समाज के विकास का एक जरूरी मानक यह भी है कि उसमें आम रिहाइश से लेकर सभी स्थानों पर स्वच्छता को सुनिश्चित करने को लेकर शासन कितना सक्रिय और सजग है और इसके प्रति आम लोग कितने जागरूक हैं। साफ-सफाई को लेकर नागरिक बोध एक निरंतरता में काम करता है, तभी कोई शहर एक मिसाल बन पाता है। इस लिहाज से देखें तो देश के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में एक बार फिर इंदौर ने जिस तरह आठवीं बार सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, वह बाकी शहरों-महानगरों के लिए एक उदाहरण है कि सिर्फ व्यवस्थागत पहलू को दुरुस्त कर दिया जाए, तो न केवल इस मामले में सबसे आगे रहा जा सकता है, बल्कि ऐसी जगहों पर होने वाला विकास वास्तव में अपना महत्त्व स्थापित करता है।

गौरतलब है कि इस वर्ष इंदौर को सुपर लीग में शामिल किया गया था। यानी इस श्रेणी में सिर्फ वही शहर शामिल थे, जो अब तक हुए सर्वेक्षणों में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे हैं। इस बार सुपर लीग की नई श्रेणी बनने के बावजूद इंदौर ने बाजी मारी।

इसके अलावा, दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में गुजरात का अहमदबाद शहर पहले स्थान पर रहा। खास बात यह है कि स्वच्छता मानकों पर हर वर्ष इंदौर का नाम सुर्खियों में रहता आया है। मगर इस वर्ष इसके प्रतिस्पर्धी भी दिखने शुरू हो गए हैं और आबादी के मानक के मुताबिक बनाए गए अलग-अलग वर्गों के तहत भोपाल, लखनऊ, मीरा भायंदर, विलासपुर, जमशेदपुर, देवास, करनाल जैसे कई अन्य शहरों ने भी स्वच्छ शहरों की सूची में अपनी जगह बनाई।

निश्चित तौर पर स्वच्छता के विस्तार की कड़ियां स्वागतयोग्य हैं और देश की छवि के लिए यह अच्छा हैं, लेकिन ध्यान रखने की जरूरत है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की सूची में स्थान बनाने के साथ-साथ इस मामले में निरंतरता कायम रहे। समस्या यह है कि सर्वेक्षण के मानकों पर किसी शहर को सबसे स्वच्छ बनाने की घोषणा तो कर दी जाती है, लेकिन किसी जगह अगर कचरा बिखरा पड़ा हो, गंदगी की सफाई को लेकर आम लोगों के भीतर कोई सजगता नहीं दिखे, नागरिक बोध का अभाव हो तो ऐसे में सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

# शिक्षा प्रणाली की गंभीर समस्याओं को सुलझाना जरूरी

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में हाल के दिनों में कई चिंताजनक घटनाएं सामने आई हैं। पहले जहां छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले चर्चा में थे, वहीं अब छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। गत दिनों ओडिशा के बालासोर में एक छात्रा ने यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद आत्मदाह कर लिया। बेंगलुरु में दो शिक्षकों ने एक छात्रा के साथ दुष्कर्म किया।

आइआइएम, कोलकाता में भी एक मनोविज्ञानी महिला परामर्शदाता के साथ इसी तरह की घटना हुई। नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में दंत चिकित्सा की एक छात्रा ने छात्रावास में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक पत्र लिखा, जिसमें विश्वविद्यालय के डीन और कुछ प्राध्यापकों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने दो प्राध्यापकों को गिरफ्तार किया है और कुछ को निलंबित किया गया है। ये घटनाएं उच्च शिक्षा परिदृश्य को शर्मसार करने वाली हैं।

यह चिंता की बात है कि भारत सरकार देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस खोलने की अनुमति दे रही है। यदि हम विदेशी शिक्षा पद्धति और संस्थानों को प्राथमिकता देंगे, तो हमारे छात्र और अभिभावक अपने देश के संस्थानों को कमतर मानने लगेंगे। होना तो यह चाहिए कि सरकार देश के शिक्षण संस्थानों में ही बुनियादी सुधार करती। वैसे भी विदेश में पढ़ाई के बढ़ते चलन के चलते प्रतिभाओं के पलायन का बड़ा संकट खड़ा हो रहा है। ऊपर से शिक्षकों द्वारा दुष्कर्म और प्रताड़ना के बढ़ते मामले इस समस्या को और गंभीर ही बनाएंगे।



ये घटनाएं बताती हैं कि हमारे कुछ शिक्षक छात्रों में उम्मीदों की उड़ान पैदा करने के बजाय निराशा, कुंठा और अवसाद पैदा कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ऐसे शिक्षकों पर कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है, अन्यथा शिक्षण संस्थानों में ऐसी शर्मनाक घटनाएं नहीं होतीं। शिक्षा के जरिये विद्यार्थी उपलब्धि के शिखर पर पहुंचने की आकांक्षा रखते हैं। यदि शिक्षण संस्थानों में ही यह संभावना दम तोड़ने लगे तो यह शिक्षा का अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण पहलू माना जाएगा।

ज्ञान की महत्ता ने इस भ्रम को तोड़ दिया है कि शिक्षा केवल कुछ वर्गों का अधिकार है। भारतीय मनीषियों ने हजारों साल पहले ज्ञान की इस शक्ति को पहचाना था। 21वीं सदी को ज्ञान की सदी कहा गया है। आज दुनिया शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से एक ऐसे तकनीकी संसार का निर्माण कर रही है, जिसमें सुविधाएं हर किसी की मुट्ठी में हैं। अब तो मनुष्य अंतरिक्ष में बसने-बसाने की संभावनाएं तलाश रहा है। शिक्षा के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों में अनेक अवसर उपलब्ध हुए हैं।

ऐसे में जब शिक्षण संस्थानों में प्रताड़ना, दुष्कर्म और आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं, तो सरकारों के लिए यह एक गंभीर विषय होना चाहिए। शिक्षा परिसरों में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं इसका संकेत करती हैं कि हमारी शिक्षा प्रणाली में कुछ गंभीर समस्याएं हैं। यदि उत्पीड़न और आत्महत्या का यह सिलसिला जारी रहा, तो देश के भविष्य पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इन मौतों का कारण अध्ययन और अध्यापन से जुड़ी समस्याएं हैं, लेकिन राजनीतिक दलों के नेता इन मौतों को केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से देख रहे हैं, जिससे समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। यदि आने वाले समय में आत्महत्या के मामलों को शिक्षा की व्यापक समझ के परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा गया, तो इन मौतों पर विराम लगाना मुश्किल होगा।

देखा जाए तो देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च और तकनीकी शिक्षा तक शिक्षण पद्धति में भ्रम और विरोधाभास की स्थिति बनी हुई है। शिक्षा के निजीकरण, अंग्रेजीकरण और विदेशीकरण पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। वैसे इसमें सुधार के लिए तमाम आयोगों का गठन किया गया, उनकी रिपोर्ट भी आईं, लेकिन उन पर अमल नहीं हुआ। इसके चलते शिक्षा प्रणाली में आदर्श और समावेशी शिक्षा के बुनियादी तत्वों को शामिल करने में हम पिछड़ गए हैं। इससे शिक्षा में निजीकरण को बढ़ावा मिल रहा है।






# आतंक के विरुद्ध भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत

अमेरिका ने आखिर उस सच को स्वीकार कर लिया, जिसे भारत पहले ही दुनिया के सामने उजागर कर रहा था। पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा इकाई 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को अमेरिका ने वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। यह वही आतंकी संगठन है, जिसने पहलगाम में निर्दोष लोगों का खून बहाया। अमेरिका का यह कदम भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। यह इस बात का भी सूचक है कि आतंकवाद से निपटने के मोर्चे पर भारत के प्रयास सफल हो रहे हैं।

इस फैसले ने न सिर्फ टीआरएफ के आतंकी चेहरे से पर्दा हटाया है, बल्कि पाकिस्तान की उन नापाक हरकतों को भी बेनकाब कर दिया, जिन्हें वह खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर छिपाता आ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का प्रमाण बताया है और आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है।



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, लेकिन बाद में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर उसने अपना बयान वापस ले लिया। यह कोई नया आतंकी संगठन नहीं है, बल्कि लश्कर-ए-तैयबा और उसके सरगना हाफिज सईद की पुरानी साजिश का नया चेहरा है। पाकिस्तान ने इसे इस तरह पेश किया जैसे यह कश्मीर का स्थानीय संगठन हो, ताकि दुनिया के सामने वह अपने दामन को पाक-साफ दिखा सके।

यह बात छिपी नहीं है कि कई बड़े आतंकी संगठन पाकिस्तान की धरती से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन प्रमुख हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई बार ये सवाल उठे हैं, उसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान ने रणनीति बदली और आतंकी संगठनों के नाम भी बदलने शुरू कर दिए। टीआरएफ इसका एक उदाहरण है। मगर, अमेरिका की ओर से इसे वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना इस बात का सबूत है कि आतंकियों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने के इरादों को किसी छद्म नाम की आड़ में छिपाया नहीं जा सकता।

इसे भारत की कूटनीतिक ताकत ही कहा जाएगा कि उसने न सिर्फ टीआरएफ को बेनकाब किया, बल्कि दुनिया को यह भी दिखाया कि आतंकवाद के खिलाफ उसका रुख कितना मजबूत है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक स्तर पर विभिन्न देशों को आतंक के खिलाफ एकजुट करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। ऐसे में अमेरिका पर भी यह साबित करने का दबाव था कि वह आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड नहीं अपनाता है।

दोहरे मापदंड की बात इसलिए अहम है, चूंकि एक तरफ अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने का दावा करता है, तो दूसरी ओर पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक से बड़ी धनराशि कर्ज के रूप में दी जाती है। सवाल यह है कि जब अमेरिका यह मानता है कि पाकिस्तान आतंकियों को पाल-पोस रहा है, तो वह वैश्विक संस्थाओं से उसे वित्तीय मदद रोकने की वकालत क्यों नहीं करता है? बहरहाल, भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चल रहा है और अब समय आ गया है कि दुनिया के तमाम देश इस लड़ाई में भारत के साथ आएं तथा दोहरे मापदंड त्याग कर आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करें।

# कबाड़ में पड़े रेलवे के डब्बे को बनाया शानदार रेस्तरां

**जरा हट के**

जयपुर के रेलवे स्टेशन पर लगातार डेवलपमेंट के कार्य चल रहे हैं. इसके साथ ही रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग फूड जोन भी तैयार किए जा रहे हैं. जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर कबाड़ में पड़े रेल के डिब्बों से सुंदर रेस्तरां बनाया गया है. यहां अब लोग खड़े रेल के डिब्बे में बैठकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आंनद ले सकते हैं. इस रेस्तरां को खासतौर पर ट्रेन थीम पर ही डिजाइन किया गया है. इसे देखकर ऐसा लगता हैं जैसे कोई लग्जरी ट्रेन खड़ी है.

खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर रेस्तरां के स्टॉफ ब्रह्मदेव ने बताया कि लोगों को रेलवे प्लेटफॉर्म पर बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए इस रेल कोच रेस्टोरेंट की शुरुआत की गई हैं. यहां लोग असली ट्रेन के डिब्बे में स्वादिष्ट जायके का आंनद ले सकते हैं. जयपुर के इस रेलवे स्टेशन पर इस पहल की शुरुआत कान्हा रेस्टोरेंट फ्रेंचाइजी के रूप में हुई है, जिसका नाम 'कान्हा डिलाइट' एक्सप्रेस रखा गया है. रेस्तरां इतना भव्य और सुंदर हैं कि लोगों की दूर से ही इस पर नज़र पड़ जाती है और यहां खींचे चले आते हैं.



खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर शुरू हुई जयपुर के पहले रेल कोच रेस्टोरेंट के रूप में रेलवे के एक कबाड़ में पड़े डिब्बे को हू-ब-हू रेलवे की किसी लग्जरी ट्रेन की तरह डिजाइन किया है. जिसमें लोगों को बैठते ही ऐसा अनुभव होता है जैसे वह किसी लग्जरी और शाही ट्रेन में बैठे हैं. खासतौर पर इस पूरे रेस्तरां को एक ही डिब्बे में तैयार किया गया है. जिसमें रिसेप्शन से लेकर किचन सभी एक ही डिब्बे में मौजूद है. लोगों के लिए अंदर बैठने की सीटें बिल्कुल उसी तरह डिजाइन की गई है, जैसे रेलवे की लग्जरी प्रीमियम क्लास की ट्रेन में होती है. इस खास रेस्तरां में एंट्री और एग्जिट एक ही गेट से होती है. ब्रह्मदेव बताते हैं कि लोग रेस्तरां में आकर बैठते हैं और मेन्यू देखकर ऑडर देते है और 10 मिनट में स्वादिष्ट व्यंजन इनकी सीट पर पहुंच जाता है.




# करेले का अचार

वैसे तो करेले खाने में बहुत कड़वे होते हैं. लेकिन इसका अचार खाने को स्वादिष्ट बना देता है. अगर करेले के अचार को डायबिटीज पेशेंट खाते हैं, तो इससे उनका शुगर लेवल बराबर रहता है. आइए जानते हैं करेले के अचार को बनाने की विधि.

**सामग्री :**

करेले का अचार बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी जैसे, 1 किलो करेले (छोटे टुकड़े में कटे हुए), दो कप सरसों का तेल, एक कप मेथी दाना, एक कप राई, एक कप कलौंजी, एक बड़ा चम्मच जीरा, धनिया, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, चुटकी भर हींग, नमक स्वाद अनुसार, एक कप नींबू का रस, दो से तीन हरी मिर्च बारीक कटी हुई, इन सभी सामग्री का इस्तेमाल कर आप अचार बना सकते हैं.



**करेले का अचार बनाने का तरीका :**

करेले के अचार को बनाने के लिए सबसे पहले आपको मसाला तैयार करना होगा. इसके लिए आप एक कढ़ाई में सरसों का तेल गर्म करें, उसमें मेथी दाना, राई, कलौंजी, सौंफ, जीरा और धनिया डालकर हल्का सुनहरा कर ले. अब भुने हुए मसाले को ठंडा कर मिक्सर में पीस लें. अब अचार का मिश्रण तैयार करें, इसके लिए आपको एक बड़े कटोरे में कटे हुए करेले लेना है, इसमें नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हींग, नींबू का रस और मिक्सर में पिसे हुए सभी मसाले डालकर अच्छी तरह मिलना होगा. जब यह सारी चीज मिक्स हो जाए, तब इसे एक साफ कांच की बरनी में भरकर स्टोर कर सकते हैं. आप कांच के जार को 2 से 3 दिन तक धूप में रख सकते हैं. अब आपका करेले का अचार तैयार हो गया है. अगर आप खट्टा मीठा खाना चाहते हैं, तो इसमें थोड़ी मात्रा गुड़ की मिला सकते हैं.

## आज का राशिफल

**मेष :** जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है।

**वृषभ :** पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी।

**मिथुन :** मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क :** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें। घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। मतभेद हो सकते हैं।

**सिंह :** मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी।

**कन्या :** घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु :** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**कुंभ :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे।

**मीन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। जोखिम न लें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घर में जरूर लगाएं ये पांच पौधे

## सुंदर दिखने के साथ तनाव कम करने का भी करेंगे काम

आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में स्ट्रेस लेवल का बढ़ना बड़ी आम बात हो गई है। कॉम्पिटिशन का दौर ही ऐसा है कि लगभग हर इंसान को कुछ ना कुछ मानसिक तनाव रहता ही है। लोग अपने स्ट्रेस को दूर करने के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं। योग और मेडिटेशन के जरिए स्ट्रेस से रिलीफ पाने की कोशिश करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसे पौधे भी हैं जो स्ट्रेस को दूर भगाने का काम करते हैं। जी हां कुछ ऐसे पौधे मौजूद हैं जो वातावरण के साथ-साथ हमारी मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। आप इन पौधों को अपने घर पर और ऑफिस एरिया में भी लगा सकते हैं। इससे ना सिर्फ आपका घर देखने में सुंदर लगेगा बल्कि एक पॉजिटिविटी भी बनी रहेगी। तो चलिए जानते हैं उनके बारे में।



### लैवेंडर प्लांट

लैवेंडर की खुशबू दिमाग की उत्तेजना को शांत करती है। इसकी खुशबू दिमाग को सुकून देती है जिससे स्ट्रेस लेवल ऑटोमेटिकली कम हो जाता है। लैवेंडर की खुशबू सुकून भरी नींद लाने में भी काफी हेल्पफुल है। घर की बालकनी या लॉन में लगा हुआ लैवेंडर का पौधा आपके स्ट्रेस लेवल को काफी हद तक काम कर सकता है।

### लेमनग्रास

लेमनग्रास का पौधा कई औषधीय गुणों से भरा हुआ है। इसे अपने घर में जरूर लगाना चाहिए। यूं तो लेमनग्रास का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता है लेकिन स्ट्रेस लेवल को कम करने में यह सबसे अधिक लाभकारी है। इसकी खुशबू को सूंघने से ही दिमाग को काफी शांति और पॉजिटिविटी मिलती है जिससे मानसिक तनाव खत्म होता है।

### मोगरे का फूल

मोगरे के फूल का पौधा आसानी से मिल जाता है और इसे अपनी बालकनी या लॉन में आसानी से लगाया जा सकता है। गर्मी के मौसम में इस पौधे से खूबसूरत फूल निकलते हैं। मोगरे के फूलों की खुशबू मन को ठंडक का अहसास देती है जिससे दिमाग को सुकून मिलता है और स्ट्रेस लेवल कम होता है।

### पारिजात का पौधा

आम भाषा में पारिजात के फूल को हरसिंगार के नाम से भी जाना जाता है। ये फूल रात में खिलते हैं और सुबह अपने आप पेड़ों से झड़ जाते हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से भी इस फूल को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में पारिजात के वृक्ष होते हैं वहां पर सुख और समृद्धि हमेशा बनी रहती है। इसके साथ ही आयुर्वेद ने भी पारिजात के फूल के महत्व को स्वीकार किया है। पारिजात के फूल में कई औषधीय गुण होते हैं जो स्ट्रेस लेवल को कम करते हैं।

### हेम्प प्लांट

आम भाषा में हेम्प प्लांट को गांजे के नाम से जाना जाता है। इसके प्लांट की खुशबू में फाइटोकेनाबिनोइड्स पाया जाता है जो सीधे न्यूरो सिस्टम पर असर डालता है। ये कार्टीसोल हार्मोन को कम करके स्ट्रेस लेवल को घटाता है। इस प्लांट की खुशबू से अनिद्रा की शिकायत भी दूर होती है और दिमाग शांत रहता है।

# एग्जॉस्ट फैन के जिद्दी चिपचिपे दाग हटाइए?

## ट्राई करें ये तरीके, मिलेगी नई जैसी चमक



आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही देसी नुस्खे लाये हैं, जिनकी मदद से आप आसानी से अपने एग्जॉस्ट फैन को चमका सकते हैं. इन नुस्खों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री आसानी से आपको घर में ही उपलब्ध होती है, और ये पर्यावरण के लिए भी हानिकारक नहीं है. तो देर किस बात की, आइए जानते हैं इन देसी नुस्खों के बारे में और अपने एग्जॉस्ट फैन को दें एकदम नई जैसी चमक.

### सामग्री

- सोडियम बाइकार्बोनेट (बेकिंग सोडा) – 2 बड़े चम्मच
- गर्म पानी – 1 कप
- लिक्विड डिटर्जेंट – 1 बड़ा चम्मच
- स्पंज या कपड़ा

### विधि

सबसे पहले, एग्जॉस्ट फैन को बंद कर दें और बिजली का प्लग भी निकाल लें. अब एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें सोडियम बाइकार्बोनेट और लिक्विड डिटर्जेंट मिलाएं. इस घोल में स्पंज या कपड़े को भिगोकर अच्छी तरह से निचोड़ लें. फिर गीले स्पंज या कपड़े से एग्जॉस्ट फैन के ब्लेड और फिल्टर को अच्छी तरह से पोंछ लें. अब चिपचिपे दागों पर थोड़ा सा घोल डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें. कुछ देर बाद, स्पंज या कपड़े से दागों को रगड़कर साफ कर लें. अंत में, एग्जॉस्ट फैन को साफ पानी से धोकर सूखे कपड़े से पोंछ लें.

### जरूरी टिप्स

1. अगर चिपचिपा दाग बहुत ज्यादा है, तो आप घोल में थोड़ा सा सिरका भी मिला सकते हैं.
2. एग्जॉस्ट फैन को नियमित रूप से साफ करें ताकि चिपचिपे दाग जमने न पाएं.
3. एग्जॉस्ट फैन को साफ करते समय हमेशा सावधानी बरतें और बिजली का प्लग निकालकर रखें.
4. इस देसी नुस्खे की मदद से आप आसानी से एग्जॉस्ट फैन से चिपचिपे दाग हटा सकते हैं और इसे नया जैसा चमकदार बना सकते हैं.

# संजीवनी बूटी से कम नहीं चमेली का फूल



चमेली का फूल बगीचे और घर में खुशबू फैलाने के लिए जाना जाता है. चमेली के फूल जितना खूबसूरत होता है, उतना ही सुगंधित भी होता है. इसके फूलों से इत्र और तेल भी बनाया जाता है. लेकिन क्या आप को पता है कि चमेली एक जड़ी-बूटी भी है और चमेली के पौधे में कई सारे औषधीय गुण भी हैं. पूर्व आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष पंत ने बताया कि इसकी खुशबू दिमाग को शक्तिशाली बनाती है और मानसिक तनाव को कम करती है. इन फूलों का इस्तेमाल कई आयुर्वेदिक दवाइयों को तैयार करने के लिए भी किया जाता है. साथ ही इससे कई तरह की चीजें जैसे- तेल, परफ्यूम, साबुन, फेसपैक इत्यादि भी बनाए जाते हैं.

### अनिद्रा को दूर करता है फूल

चमेली का विभिन्न तरीकों से इस्तेमाल करके मानसिक तनाव को कम किया जा सकता है. यह तनावग्रस्त तंत्रिका तंत्र को शांत कर मन को शांत करता है. इसमें कुछ ऐसे केमिकल मौजूद होते हैं, जो तंत्रिका तंत्र को आराम देते हैं. इसके इस्तेमाल से अनिद्रा दूर होती है और अच्छी नींद आती है.

### चोट व घाव को ठीक करने में है कारगर

चमेली के तेल का इस्तेमाल एंटीसेप्टिक के तौर पर भी किया जाता है. किसी तरह की चोट या घाव हो जाए तो रूई को चमेली के तेल में डुबोकर चोट पर लगाएं. इससे दर्द कम होने के साथ घाव भी तेजी से भरता है.

### मुंह में छालों की समस्या होती है दूर

मुंह में छाले होने पर इसकी पत्तियों को धोकर धीरे-धीरे चबाएं. इससे आपके मुंह में हो रहे छाले जल्द सही हो जाएंगे. चमेली के पत्तियों से निकलने वाला रस छालों को खत्म करता है.

### पाचन को रखे स्वस्थ

पाचन संबंधी परेशानियों को दूर करने के लिए भी चमेली का इस्तेमाल किया जा सकता है. चमेली में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर रूप से मौजूद होता है, जो शरीर के लिए बेहद जरूरी है. एंटी- ऑक्सीडेंट की मदद से आंत की क्रिया को बेहतर किया जा सकता है. साथ ही यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंजाइमों के लिए अच्छा माना जाता है.

### डिप्रेशन और चिंता को करे दूर

चमेली का इस्तेमाल करने से डिप्रेशन और चिंता को दूर किया जा सकता है. इससे आने वाली खुशबू आपके मूड को बेहतर करती है. अरोमाथेरेपी में इसके तेल का इस्तेमाल कर ब्लड सर्कुलेशन, सांस लेने में परेशानी, ब्लड प्रेशर को दूर किया जा सकता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्रतापगढ़ गोलियों की गूंज से थर्राया, सगे भाइयों को मारी गोली, ब्लॉक प्रमुख पर आरोप

**प्रतापगढ़.** यूपी का प्रतापगढ़ एक बार फिर सरेराह गोलीबारी से थर्रा उठा है। पट्टी कोतवाली के ठीक बगल में स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में जमीन का बैनामा कराने पहुंचे एक व्यक्ति को अगवाकर खरीदारी के लिए पहुंचे लोगों को गोलियां चलाने लगे। इससे दो सगे भाई गोली लगने से घायल हो गए। रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर गोलियां चलने से हड़कंप मच गया। गोली लगने से भाई मौके पर गिर गया। दूसरा बहते खून के साथ ही 100 मीटर भागकर दुकान के बाहर गिर गया। इसी दौरान हमलावर मौके से भाग निकले। पट्टी से चांदा मार्ग पर 7 किलोमीटर दूर नारंगपुर बाजार से औराइन की ओर जाने वाली सड़क पर डेढ़ विस्वा जमीन का सोमवार को बैनामा कराने के लिए गांव के ही रहने वाले जगन्नाथ विश्वकर्मा कार से पहुंचे थे। उनके साथ जमीन को खरीदने के लिए आसपुर देससरा के अकारीपुर निवासी बृजेश तिवारी, अपने रिश्तेदार सुल्तानपुर चांदा वैरीखुर्द निवासी नरेंद्र मिश्र और आदित्य मिश्र पहुंचे थे। जमीन खरीदारों के पहुंचते ही पहले से एक कार में मौजूद कुछ लोगों ने जमीन को बेचने पहुंचे जगन्नाथ को अगवाकर अपनी कार में बैठा लिया। कुछ लोग रोकने के लिए आगे बढ़े तो कार सवारों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। यह देख लोग आसपास के लोग जान बचाकर भागे।

### भांजे के प्यार में पागल हुई मामी, पति को छोड़ 25 साल बाद रचाई दूसरी शादी

**सिद्धार्थनगर.** सिद्धार्थनगर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक महिला को शादी के 25 साल बाद भांजे को ही दिल दे बैठी। एक साल पहले दोनों ने चोरी छिपे कोर्ट मैरिज भी कर ली। यहां तक की दोनों साथ रहने लगे। बाद में जब परिवार में हंगामा हुआ तो पंचायत बैठी। जिसके बाद पति ने अपनी पत्नी को उसके आशिक भांजे के साथ विवाद कर दिया। वहीं ये मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ये मामला भवानीगंज थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति की शादी 25 साल पहले क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के संग हुई थी। शादी के तीन साल बाद गौना हुआ। वक्त बीतता गया और सब सही चल रहा था। फिलहाल 40 वर्षीय महिला चार बच्चों की मां है। उनमें दो बेटियां 20 और 18 साल की हैं। जबकी बेटे 17 और 10 साल के हैं।

### पत्थर लगाने के बहाने बुलाकर युवक की हत्या, पुलिस ने पकड़े आरोपी फिर मिली लाश

**सिंधावली.** सिंधावली निवासी दो युवकों को टाइल्स लगाने के बहाने परीक्षितगढ़ बुला बंधक बनाया गया और एक युवक की हत्या कर लाश नहर में फेंक दी। दूसरे युवक को हाथ पैर बांधकर खेत में फेंक दिया गया। बंधनमुक्त होकर युवक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कुछ आरोपियों से पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि शव को आसिफाबाद नहर में फेंक दिया है।

# संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

- **लोकसभा में 16, राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी**
- **खड़गे बोले-पहलगाम आतंकी नहीं पकड़े गए, जवाब दें**



**नई दिल्ली.** संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार हो गई है। अगले हफ्ते इस मुद्दे पर लोकसभा में 16 और राज्यसभा में 9 घंटे बहस होगी। हालांकि विपक्ष का कहना है कि चर्चा सत्र के शुरुआत में होनी चाहिए और PM मोदी जवाब दें।

इधर, सत्र के पहले दिन राज्यसभा-लोकसभा में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी की। दिनभर में लोकसभा 4 बार स्थगित हुई, जिसके बाद शाम 4 बजे सदन को मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

#### जेपी नड्डा ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करेंगे

राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में इंटेलिजेंस फेलियर हुआ। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी का जवाब देना चाहिए।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- देश में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि सरकार पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं करना चाहती। हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के सभी पॉइंट्स को देश के सामने रखा जाएगा।

मानसून सत्र से पहले I.N.D.I.A. गठबंधन ने बैठक की थी। इसमें ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम, डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर पर दावे और बिहार वोटर लिस्ट जैसे मुद्दों पर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई। विपक्ष इन सभी मुद्दों पर पीएम से जवाब चाहता।

#### मानसून सत्र 32 दिन चलेगा

- संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक यानी कुल 32 दिन चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी।
- केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर GST संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं।
- पहले दिन नए इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होगी। कमेटी ने 285 सुझाव दिए हैं। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा।

# सुप्रीम कोर्ट की ED को फटकार



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ED) को फटकार लगाते हुए कहा कि राजनीतिक लड़ाइयां चुनाव में लड़ी जानी चाहिए, जांच एजेंसियों के जरिए नहीं। ED का इस तरह इस्तेमाल क्यों हो रहा है?

ये टिप्पणी CJI बीआर गवई और जस्टिस के.विनोद चंद्रन की बेंच ने सोमवार को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट बोर्ड (MUDA) केस में ED की अपील की सुनवाई के दौरान की। CJI ने कहा कि हमारा मुंह मत खुलवाइए। नहीं तो हम ED के बारे में कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा, **मेरे पास महाराष्ट्र का कुछ अनुभव है। आप देशभर में इस हिंसा को मत फैलाइए।**

दरअसल, ED ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को MUDA केस में समन भेजा था। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मार्च में यह समन रद्द कर दिया था। ED ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने आखिर में ED की अपील खारिज कर दी।

# ढाका में बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान स्कूल पर गिरा

- **पायलट समेत 19 की मौत, 164 घायल**
- **हादसे के वक्त क्लास चल रही थी**



**ढाका.** बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। AP की रिपोर्ट के मुताबिक हादसे में अब तक पायलट समेत 19 लोगों की मौत हो गई है।

हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है। कई घायल बच्चों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे।

बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का F-7 BGI विमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था।

#### यूनुस ने हादसे पर दुख जताया

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है। यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं

यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही।

दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए। राहत और बचाव कार्य में उत्तरा, टोंगी, पल्लबी, कूर्मिटोला, मीरपुर और पूर्वाचल के आठ फायर स्टेशन के दल शामिल हैं।

# शराबबंदी वाले गुजरात के रिसॉर्ट में शराब पार्टी पर रेड

- **नामी बिल्डर के रिसॉर्ट से 13 लड़के, 26 लड़कियां अरेस्ट**
- **सभी नशे में थे**
- **पुलिस का अभियान देर रात तक जारी रहा**



**अहमदाबाद.** अहमदाबाद जिले के साणंद स्थित ग्लेड गोल्फ रिसॉर्ट में रविवार देर रात एक हाईप्रोफाइल शराब पार्टी पर पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने 13 लड़कों और 26 लड़कियों को नशे की हालत में पकड़ा। देर रात ही सभी को मेडिकल के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया।

इसके बाद सुबह करीब 3 बजे सभी को साणंद थाने लाया गया। साणंद पुलिस ने पूरे मामले में केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला है कि यह हाई-प्रोफाइल शराब पार्टी शहर के नामी बिल्डर प्रतीक सांघी के बर्थडे के मौके पर रखी गई थी।

#### 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था

- साणंद पुलिस ने बताया कि हमें रविवार रात को रेड रिसॉर्ट में हो रही एक शराब पार्टी के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने जब रिसॉर्ट पर छापा मारा तो वहां करीब 100 लोग मौजूद थे। इनमें से करीब 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। रात में ही मेडिकल टेस्ट कराया गया तो इनमें से 13 युवक और 26 युवतियां नशे में पाए गए। नशे में पकड़े गए ये सभी लोग बिल्डर

साणंद के डीएसपी नीलम गोस्वामी ने बताया कि देर रात को ही सभी लोगों को 4 पुलिस बसों और एक कार में मेडिकल परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया था। बड़ी संख्या में नशे में धुत लोगों के पकड़े जाने के चलते पुलिस का अभियान देर रात से सुबह तक जारी रहा। सूचना मिलते ही कई युवक-युवतियों के परिवार वाले भी थाने पहुंच गए थे।

#### 5 सीलबंद शराब की बोतलें भी जब्त

डीएसपी नीलम गोस्वामी ने आगे बताया कि छापेमारी में साणंद थाना पुलिस, असलाली, चांगोदर, बोपल पुलिस की टीमें शामिल थीं। पार्टी वाली जगह से 5 सीलबंद शराब की बोतलें भी जब्त की गई हैं। मेडिकल टेस्ट के बाद आरोपियों के खिलाफ निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 2006 मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस- सभी 12 आरोपी बरी

- **हाईकोर्ट बोला-सरकारी वकील दोष साबित करने में नाकाम**
- **घटना में 189 लोग मारे गए थे**

**मुंबई.** मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं।

हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए।

11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।



#### 7 लोकल के फर्स्ट क्लास डिब्बों में प्रेशर कुकर से हुए थे ब्लास्ट

मुंबई में 11 जुलाई 2006 को शाम 6 बजकर 24 मिनट से लेकर 6 बजकर 35 मिनट के बीच एक के बाद एक सात ब्लास्ट हुए थे। ये सभी ब्लास्ट मुंबई के पश्चिम रेलवे पर लोकल ट्रेनों के फर्स्ट क्लास कम्पार्टमेंट में करवाए गए थे।

खार, बांद्रा, जोगेश्वरी, माहिम, बोरीवली, माटुंगा और मीरा-भायंदर रेलवे स्टेशनों के पास ये ब्लास्ट हुए थे। ट्रेनों में लगाए गए बम आरडीएक्स, अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल ऑयल और कीलों से बनाए गए थे, जिसे सात प्रेशर कुकर में रखकर टाइमर के जरिए उड़ाया गया था।

#### लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी आजम चीमा धमाकों का जिम्मेदार

पुलिस ने चार्जशीट में बताया था कि मार्च 2006 में लश्कर-ए-तैयबा के आजम चीमा ने अपने बहावलपुर स्थित घर में सिमी और लश्कर के दो गुटों के मुखियाओं के साथ इन धमाकों की साजिश रची थी। पुलिस ने कहा था कि मई 2006 में बहावलपुर के ट्रेनिंग कैंप में 50 युवकों को भेजा गया। उन्हें बम बनाने और बंदूकें चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

# 114 साल के एथलीट को बेटों ने दी मुखाग्नि



- **पंजाब CM बोले-फौजा सिंह का बुत लगाएंगे**
- **फॉर्च्यूनर की टक्कर से हुई थी मौत**

**जालंधर.** दुनिया के सबसे उम्रदराज 114 साल के एथलीट फौजा सिंह रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। पंजाब के जालंधर स्थित उनके पैतृक गांव ब्यास पिंड में उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके बेटों ने उन्हें मुखाग्नि दी।

सुबह 9 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक शव को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जिसके बाद अंतिम यात्रा निकाली गई। इसके बाद गांव के श्मशान घाट पर संस्कार किया गया।

मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया समेत कई नेता श्रद्धांजलि देने पहुंचे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से भी परिवार को शोक संदेश भेजा गया। मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा कि गांव के स्टेडियम में फौजा सिंह का बुत स्थापित किया जाएगा।

114 साल की उम्र के एथलीट फौजा सिंह को उनके घर से 120 मीटर की दूरी पर हाईवे क्रॉस करते हुए फॉर्च्यूनर सवार NRI अमृतपाल सिंह ढिल्लों (27) ने टक्कर मार दी थी। इसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गए थे और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

जालंधर देहात पुलिस ने मामले में एक्सीडेंट के 30 घंटे बाद भोगपुर के पास से फॉर्च्यूनर (PB20C-7100) और कपूरथला के रहने वाले NRI अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया।

### स्वतंत्रता सेनानी और केरल के पूर्व CM वीएस अच्युतानंदन का निधन



**त्रिवेंद्रम.** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (CPI-M) के दिग्गज नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन का 101 साल की उम्र में निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक त्रिवेंद्रम के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसें लीं। साल 2006 से 2011 तक वह केरल के मुख्यमंत्री रहे। उन्हें सादगी के लिए भी जाना जाता था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 1946 में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था।

23 जून को दिल का दौरा पड़ने के बाद अच्युतानंदन को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। केरल की राजनीति के कद्दावर नेता अच्युतानंदन उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। साल 1964 में कम्युनिस्ट पार्टी के विभाजन के बाद सीपीआई (M) की स्थापना में उनकी अहम भूमिका थी। उन्होंने अपने जीवन में 10 चुनाव लड़े और सात में जीत हासिल की।

# सरफराज खान ने 2 महीने में घटाया 17 किलो वजन!



**नई दिल्ली.** घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले सरफराज खान ने अपनी कड़ी मेहनत से ऐसा कायापलट किया है, जो हर किसी को हैरान कर देगा। उन्होंने 2 महीने के भीतर ही 17 किलो वजन घटाया है। खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है। तस्वीर जिम में भीतर की है। तस्वीर देखकर फैंस को यकीन नहीं हुआ कि सिर्फ 2 महीने में कोई खुद को ऐसे ट्रांसफॉर्म कर सकता है। कुछ तो पृथ्वी शॉ को सरफराज से सीखने की नसीहत दे रहे हैं।

देखते ही देखते सरफराज की तस्वीर वायरल हो गई। तमाम लोग उनकी पहले की और अब की तस्वीर को साथ में लगाकर लिख रहे हैं कि यह वाकई अद्भुत है।

सरफराज खान अपनी बैटिंग के लिए तो जाने जाते थे लेकिन फिटनेस के लिए नहीं। अब उन्होंने अपने जिद और जुनून से साबित किया है कि इरादे पक्के हों तो कुछ भी असंभव नहीं। एक एक्स यूजर ने लिखा है, 'समर्पण, अनुशासन, दृढ़ प्रतिज्ञा। सरफराज खान ने सिर्फ 2 महीने में 17 किलो वजन घटाया-कड़ी मेहनत और फोकस का असल उदाहरण।' इंग्लैंड दौरे के लिए जब सरफराज खान को सिलेक्शन कमिटी ने नजरअंदाज किया तब कई पूर्व क्रिकेटरों ने उनका सपोर्ट किया था।

हरभजन सिंह ने तब कहा था, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है...मैं स्क्वाड में उसका नाम नहीं देखकर हैरान हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि वह और मजबूती से वापस आएगा। उसके अंदर वापसी की वो इच्छाशक्ति है...मैं बस इतना कह सकता हूं कि दिल छोटा मत करो, तुम्हें वो मिलेगा जिसके हकदार हो, आज नहीं तो कल.

# ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर

- **प्रैक्टिस के समय घुटने में चोट लगी,**
- **अर्शदीप चौथा टेस्ट नहीं खेलेंगे**
- **भारत सीरीज में 1-2 से पीछे**




भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। रविवार को प्रैक्टिस सेशन के समय नीतीश को घुटने में चोट लगी थी।

सोमवार को BCCI ने मीडिया रिलीज में बताया कि नीतीश कुमार रेड्डी पूरी टेस्ट सीरीज से और लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह मैनचेस्टर (चौथे) टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

अर्शदीप सिंह को बेकेनहम में नेट प्रैक्टिस के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लगी थी। BCCI की मेडिकल टीम उनकी हालत पर नजर रखे हुए है।

बैकअप के तौर पर अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया गया है। वे मैनचेस्टर में टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारतीय टीम सीरीज में 1-2 से पीछे है। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से शुरू होगा।

इससे पहले खबर आई थी कि तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट के कारण चौथे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। चौथा टेस्ट 23 से 27 जुलाई तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला जाएगा।

#### राहुल पूरी तरह फिट, शार्दूल को मौका संभव

रविवार को भारतीय टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों से मिलने ओल्ड ट्रैफर्ड गई थी, लेकिन नीतीश रेड्डी और केएल राहुल इस ट्रिप में शामिल नहीं हुए।

हालांकि, केएल राहुल पूरी तरह फिट हैं और उनकी फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है। अब टीम मैनेजमेंट को शार्दुल ठाकुर पर भरोसा जताना पड़ सकता है, जिन्होंने पहले टेस्ट में नीतीश की जगह खेला था। नीतीश ने बाद में दूसरे और तीसरे टेस्ट में अपनी जगह बनाई थी।

#### अंशुल टीम में शामिल

हरियाणा के 24 साल के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को टीम में शामिल किया गया है। टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया-ए के लिए अंशुल ने दो मैचों पांच विकेट लिए थे।

### मुंबई एयरपोर्ट पर फिसल गया एयर इंडिया का विमान, फट गए टायर

**मुंबई.** कोच्चि से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट सोमवार सुबह लैंडिंग के दौरान फिसल गई। मुंबई में भारी बारिश के कारण यह स्थिति पैदा हुई और लैंडिंग के दौरान विमान थोड़ा फिसल गया। इसके चलते विमान रनवे से बाहर निकल गया और उसके तीन टायर फट गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि खराब मौसम के कारण ही यह हादसा हुआ और मौके पर फिसलन की स्थिति थी। सूत्रों का कहना है कि लैंडिंग के दौरान तीन टायर फट गए और एयरक्राफ्ट के इंजन को भी नुकसान होने की आशंका है। हालांकि लैंडिंग पूरी तरह से सुरक्षित रही। यात्री और क्रू मेंबर्स पूरी तरह सुरक्षित रहे।

# हद कर दी....थरूर पर फिर भड़के कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद शशि थरूर और कांग्रेस के अन्य नेताओं के बीच तनातनी बढ़ती ही जा रही है। रविवार को शशि थरूर को केरल कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम में बुलाने से इनकार करने वाले के. मुरलीधरन ने एक बार फिर से तिरुवनंतपुरम सांसद पर निशाना साधा है। उन्होंने शशि थरूर के ऊपर पीएम मोदी से भी आगे बढ़कर कांग्रेस पर हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संजय गांधी पर पीएम मोदी ने भी कुछ नहीं कहा था, लेकिन शशि थरूर ने उन पर आरोप लगा दिया।

एएनआई से बात करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने थरूर के ऊपर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'शशि थरूर के ऊपर अंतिम निर्णय कांग्रेस आला कमान का ही होगा कि उन्हें पार्टी में बने रहने देना है या नहीं। हम केरल राज्य में उनके साथ सहयोग करने को तैयार नहीं है क्योंकि वह हमेशा कांग्रेस और इंदिरा गांधी पर हमला करते रहते हैं। यहां तक की पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी ने भी दिवंगत कांग्रेस नेता संजय गांधी के बारे में कुछ नहीं कहा लेकिन शशि थरूर ने संजय गांधी पर निशाना साधा। वह राहुल गांधी के बयानों का भी लगातार विरोध करते रहते हैं।'

# खाने की लाइन में खड़े 93 फिलिस्तीनियों की मौत पर पसीजा पोप लियो का दिल

- **बर्बरता पर भड़के**

**वेटिकन सिटी.** युद्धग्रस्त गाजा में भोजन-पानी और राशन के लिए कतार में खड़े कम से कम 93 फिलिस्तीनियों को इजरायली सुरक्षा बलों ने हमले में मार गिराया है। इतना ही नहीं इजरायल ने विस्थापित लोगों से भरे इलाकों को खाली करने का भी फरमान जारी किया है। इजरायल रोज-रोज इस तरह की हरकत कर रहा है। इस पर पोप लियो XIV ने चिंता जताई है और गाजा में अंधाधुंध बल प्रयोग की निंदा की है। पोप लियो ने इजरायली बर्बरता पर अफसोस जताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। वेटिकन ने एक बयान में कहा कि पोप लियो ने सोमवार को फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ फोन पर बातचीत में गाजा पट्टी में इजरायली बलों द्वारा अंधाधुंध बल प्रयोग और फिलिस्तीनी लोगों के जबरन सामूहिक विस्थापन के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। नवीनतम इजरायली गोलीबारी की खबरें सामने आने से पहले, पोप ने रोम के निकट अपने ग्रीष्मकालीन निवास, कास्टेल गंडोल्फो में एंजेलस प्रार्थना के अंत में 'युद्ध की बर्बरता को तत्काल समाप्त करने और संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान' का आह्वान किया है।



#### चर्च पर हमले पर भी जताई पीड़ा

पोप ने पिछले सप्ताह गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च पर हुए इजरायली हमले पर भी अपनी पीड़ा जाहिर की, जिसमें तीन लोग मारे गए और 10 घायल हुए। घायलों में एक पैरिश पादरी भी शामिल हैं, जिसे दिवंगत पोप फ्रांसिस के प्रतिदिन फोन आते थे। हालांकि, इजराइल ने चर्च पर हुए हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया है और चर्च पर हमले की जाँच शुरू कर दी है। उस चर्च के पास लगभग 600 विस्थापित लोग रह रहे थे, जिनमें से अधिकांश बच्चे और कई विशेष रूप से जरूरतमंद लोग लोग थे।

## संक्षेप...

### हादसे में बाइक चालक की मौत

**मुंब्रा.** मुंब्रा से पनवेल की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी. जिसकी वजह से दोपहिया वाहन चालक की घटनास्थल पर मौत हुई. दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया. तलोजा पुलिस ने इस संबंध में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना पनवेल-मुंब्रा रोड पर आरएएफ चौक के पास हुई. जिसमें अनिकेत लक्ष्मण सपकाल नामक युवक की मौत हुई. पुलिस ने बताया कि अनिकेत तलोजा के धरणा कैंप में रहता था.

# मानसून सत्र में 16 विधेयकों को मंज़ूरी

### ■ प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने दी जानकारी

**मुंबई.** मानसून सत्र समाप्त हो गया है। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हमने सत्र में 16 विधेयक पारित किए हैं। राज्य में औसत से ज़्यादा बारिश हो रही है। अब तक 93 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। बांध में अच्छा भंडारण है। इस साल खरीफ का मौसम अच्छा रहेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जिस तरह बारिश का प्रदर्शन अच्छा है, उसी तरह हमारी सरकार भी मज़बूत है।

महाराष्ट्र के 11 किले और तमिलनाडु के जिंजी जैसे 12 किले विश्व धरोहर सूची में शामिल किए गए हैं। अब औसत से ज़्यादा बारिश हो रही है। अब तक 93 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। पंचनामा करने के आदेश दिए गए हैं, कुछ इलाकों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। प्रभावितों को पैसा वितरित किया जा रहा है। बांध में अच्छा भंडारण है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस साल खरीफ का मौसम अच्छा रहेगा।

एससीएसटी समुदाय आयोगों को वैधानिक दर्जा दिया गया है। जन सुरक्षा विधेयक को लेकर कई अफ़वाहें फैलाई गई हैं। समिति की



बैठक में सभी बैठकें हुईं। जो सुझाव दिए गए थे, उन्हें उसी समय स्वीकार कर लिया गया, फडणवीस ने कहा। हमने नासिक त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण बनाया है। गढ़चिरौली जिला खनन प्राधिकरण विधेयक को मंज़ूरी दे दी गई है। मादक पदार्थों को मकोका के अंतर्गत लाने का भी निर्णय लिया गया है। फडणवीस ने कहा कि पूरक मांगों को मंज़ूरी दे दी गई है।

#### दिव्यांगों को अब 2.5 हज़ार देने का फ़ैसला

राज्य सरकार ने अब दिव्यांगों को 2.5 हज़ार रुपये देने का फ़ैसला किया है। साथ ही, शिक्षकों को अनुदान दिया गया है। हमने भूषण गवैंचा को भी सम्मानित किया है। कैबिनेट ने अनुकंपा सूची को समाप्त करने का फ़ैसला किया है। संत सावता महाराज समाधि मंदिर के विकास को मंज़ूरी दे दी गई है। फडणवीस ने कहा कि विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दिया गया है।

#### सत्ताधारी दल के तौर पर किए गए काम से हम संतुष्ट

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सत्ताधारी दल के तौर पर किए गए काम से हम संतुष्ट हैं। इस बात पर भी चर्चा हुई कि राज्य कैसे आगे बढ़ेगा। हालाँकि, यह सच है कि कुछ ऐसी बातें हुईं जिनका हमें भी दुख है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ध्यान रखा जाएगा। विपक्ष ने बिना कोई सबूत दिए आरोप लगाए। फडणवीस ने कहा कि विपक्ष की भूमिका आरोप लगाने और फिर उनसे पल्ला झाड़ लेने की है।

# मंगलवार की बजाय अब शुक्रवार को पानी नहीं

**ठाणे.** मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र में पानी की पाइपलाइनों की तत्काल मरम्मत के कारण पानी की कमी है। ऐसे में स्टेम प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को बंद करने पर पानी की कमी होने की संभावना है। इसलिए स्टेम प्राधिकरण ने सूचित किया है कि मंगलवार 22 जुलाई को मरम्मत के लिए किया गया शटडाउन अब शुक्रवार 25 जुलाई को होगा।

इस परिवर्तित कार्यक्रम के अनुसार अब ठाणे मनपा क्षेत्र के कुछ क्षेत्रों में मंगलवार 22 जुलाई के बजाय शुक्रवार 25 जुलाई सुबह 9 बजे से शनिवार 26 जुलाई सुबह 9 बजे तक जलापूर्ति बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान, ठाणे मनपा अपनी स्वयं की जलापूर्ति योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से ठाणे शहर को जलापूर्ति की तैयारी है।तदनुसार घोड़बंदर रोड, पातलीपाड़ा, बालकुम,ब्रह्मांड, पवार नगर, कोठारी कंपाउंड, डोंगरी पाड़ा, वाघबिल आदि स्थानों पर जलापूर्ति शुक्रवार 25 को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक बंद रहेगी।जबकि समतानगर, रितु पार्क, सिद्धेश्वर, इटरनिटी, जॉनसन, जेल, साकेत, उथलसर, रेती बंदर, कलवा और मुंब्रा के कुछ हिस्से शुक्रवार 25 को रात 9 बजे से शनिवार 26 को सुबह 9 बजे तक बंद रहेंगी।

# ठाणे मनपा क्षेत्र में MMRDA के माध्यम से दिसंबर तक सड़क विकास कार्य पूरे करें

### ■ परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिया निर्देश

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के सेक्टर क्रमांक 4, 5 और 6 में स्वीकृत विकास योजना के अनुसार नियोजित सड़कों का विकास मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा किया जा रहा है। घोड़बंदर रोड पर यातायात की भीड़भाड़ से बचने के लिए, सड़क निर्माण कार्य दिसंबर तक पूरा किया जाना चाहिए। ये निर्देश परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिए। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के कार्यालय में आयोजित एक बैठक में एमएमआरडीए के माध्यम से मनपा क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त आयुक्त अश्विन कुमार मुदगल




और विक्रम कुमार सहित इंजीनियर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।मंत्री सरनाईक ने कहा कि इस परियोजना के तहत मनपा क्षेत्र में घोड़बंदर रोड पर यातायात की भीड़ को देखते हुए मुख्य सड़क के दोनों ओर डीपी सड़कों का विकास किया जाएगा। मुख्य सड़क के दोनों ओर की सर्विस रोड को 31 दिसंबर तक मुख्य सड़क से जोड़ा जाना चाहिए। साथ ही, मेट्रो स्टेशन की सीढ़ियाँ सड़क के बीच में न बनाकर सड़क के दोनों ओर रखी जानी चाहिए। मंत्री सरनाईक ने इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।इस परियोजना के कार्यान्वयन से घोड़बंदर रोड पर यातायात की भीड़ काफी हद तक कम हो जाएगी। साथ ही क्षेत्र के नागरिकों को वैकल्पिक सड़कें उपलब्ध होंगी। इसी तरह, 20 में से 5 सड़कों का एक अलग सर्वेक्षण चल रहा है, और शेष 10 सड़कों के नए विकास कार्य को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि ठाणे शहर में यातायात की समस्या को हल करने के लिए एमएमआरडीए और ठाणे मनपा प्रशासन को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए और परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करना चाहिए।

# राज्य में कृत्रिम-प्लास्टिक के फूलों पर प्रतिबंध

### ■ फलोत्पादन मंत्री भरत गोगावले ने की घोषणा

**मुंबई.** फलोत्पादन मंत्री भरत गोगावले ने विधानसभा में राज्य के फूल उत्पादक किसानों के हित में प्लास्टिक-कृत्रिम फूलों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। महेश शिंदे ने औचित्य का मुद्दा उठाकर राज्य में कृत्रिम-प्लास्टिक के फूलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। प्लास्टिक के फूलों के अत्यधिक उपयोग के कारण सभी प्रकार के फूलों का बाजार संकट में है और फूल उत्पादक किसान संकट में हैं।

राज्य में हाल के दिनों में हर समारोह, विवाह मंडप, मंदिर, त्योहारों में बड़े पैमाने पर प्लास्टिक



के फूलों का इस्तेमाल हो रहा है। इससे 20-25 प्रतिशत फूल उत्पादक किसान संकट में हैं और लगभग 2.5 से 3 हजार करोड़ रुपये का कारोबार संकट में है। साथ ही, पिछले सप्ताह सर्वदलीय सदस्यों ने प्लास्टिक के फूलों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा था कि अगर फूल उत्पादक संकट में हैं, तो इसका शहद उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। आज़ाद मैदान में फूल उत्पादक किसानों का एक मार्च आयोजित किया गया। इस पृष्ठभूमि में, गोगावाले ने बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ हुई बैठक में कृत्रिम प्लास्टिक के फूलों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिबंध के संबंध में सरकार का निर्णय जल्द ही जारी किया जाएगा।

## मुंब्रा से 1 करोड़ 69 लाख का एमडी बरामद

**ठाणे.** ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अभियान शुरू किया है. जिसके तहत क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने मुंब्रा बाईपास सड़क के नजदीक एक व्यक्ति को 1 करोड़ 69 लाख रुपये मूल्य का एमडी के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस उपायुक्त (क्राइम) अमर सिंह जाधव के मुताबिक क्राइम ब्रांच की यूनिट -1 के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर मुंब्रा बाईपास फ्लाई ओवर के पास जाल बिछाया . जहां पर मारुति कार में एक संदेहास्पद व्यक्ति दिखा.

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करना पड़ेगा महंगा

### ■ ठाणे पुलिस ने दी चेतावनी

**ठाणे.** अब धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने सांप्रदायिक तनाव पैदा करने या झूठी अफ़वाहें फैलाने वाली पोस्ट शेयर करना, भले ही मज़े के लिए ही क्यों न शेयर की गई हों एक गंभीर अपराध माना जाएगा। न केवल पोस्ट करने वाला बल्कि उसे फ़ॉरवर्ड करने वाला और ग्रुप एडमिन भी अपराधी माना जाएगा। ठाणे पुलिस ने एक सर्कुलर जारी कर स्पष्ट चेतावनी दी है कि कानून से कोई बच नहीं सकता।सोशल मीडिया पर किसी भी मैसेज को फ़ॉरवर्ड करने से पहले उसकी जाँच कर लें। नई भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत लागू धाराओं के अनुसार, धर्म, जाति और भाषा के आधार पर घृणास्पद सामग्री शेयर करने पर 3 से 5 साल की कैद हो सकती है, जबकि भारत की संप्रभुता को ख़तरा पैदा करने वाली अफ़वाहों पर आजीवन कारावास हो सकता है। किसी भी संदेश को शेयर करने से पहले उसकी जाँच-पड़ताल करें, सोचें और उसके बाद ही कोई फ़ैसला लें। क्योंकि, एक ग़लत शेयर आपकी ज़िंदगी बर्बाद कर सकता है। अक्सर लोग सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट मज़े के लिए या मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं के भ्रम में शेयर कर देते हैं। अब न सिर्फ़ पोस्ट डालने वाला, बल्कि उस ग्रुप का एडमिन और पोस्ट फ़ॉरवर्ड करने वाले भी अपराधी माने जाएँगे। देश में सौहार्द बनाए रखना हर नागरिक की ज़िम्मेदारी है। अफ़वाहों का हिस्सा न बनें, व्हाट्सएप, फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट शेयर करने से पहले सोचें। किसी भड़काऊ पोस्ट की वजह से अनर्थ होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# काशी विश्वनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार पर चर्चा

**ठाणे.** शहर स्थित नौपाढ़ा प्रभाग समिति के अंतर्गत वार्ड 19 के पूर्व नगरसेवक व पूर्व नगरसेविका नम्रता भोसले ने मंदिर के जीर्णोद्धार व डिजाइन को उपस्थित सभी नागरिकों के सामने पेश किया।साथ ही उन्होंने दीपावली पर्व के पहले भगवान शिव का मंदिर तैयार कर भव्य उद्घाटन समारोह करने के लिए कहा।सभा का मुख्य उद्देश्य यह था कि लोगों में गलत तरीके से अफवाहों को फैलाया जा रहा था कि मनपा चुनाव सामने है इसलिए चुनावी फंडा है।उपस्थित नागरिकों के समक्ष कहा कि मैं भगवान शिव और हनुमानजी का भक्त हु इसलिए मंदिर को लेकर राजनीति करना हमारा उद्देश्य नही है।इस अवसर पर काशीविश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामजीत यादव,भरत यादव,मुन्ना यादव,शंकर यादव,दत्ता,लव जायसवाल,पप्पू यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

# तलोजा जेल में कैदी पर हमला

### ■ मुंबई बम विस्फोट के 2 आरोपियों पर मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** तलोजा जेल में बंद मुंबई बम विस्फोट के आरोपी शामिल साकिब नाचन और इरफान मुस्तफा लांडगे ने मकोका के तहत जेल में बंद गिरीश कुमारन नायर पर जानलेवा हमला किया. इस हमले में दोनों ने पेंटिंग में इस्तेमाल होने वाले पत्रे का इस्तेमाल किया. इस हमले में नायर घायल हुआ, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. खारघर पुलिस ने दोनों हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.




मुंबई बम विस्फोट मामले के आरोपी शामिल साकिब नाचन और इरफान मुस्तफा लांडगे और गिरीश नायर तलोजा जेल के सर्कल 1 में अलग-अलग बैरकों में बंद हैं. जब सभी कैदी बैरक नंबर 1 में थे, तभी शामिल नाचन और इरफान लांडगे ने एक पुराने विवाद के चलते नायर पर हमला कर के उसे घायल किया. तलोजा जेल अधीक्षक प्रमोद वाघ ने बताया कि इलाज के बाद नायर को वापस जेल ले आया गया है.

# बच्चे पर छोड़ दिया पिटबुल, खुद हंसता रहा कुत्ते का मालिक

### ■ बच्चा घायल, कुत्ते का मालिक गिरफ्तार

**मुंबई.** मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। मुंबई में पूर्वी उपनगर में एक शख्स ने अपना पालतू कुत्ता एक बच्चे के ऊपर छोड़ दिया। जब कुत्ता बच्चे को काट रहा था उस वक्त कुत्ते का मालिक हंस रहा था। जानकारी के मुताबिक कुत्ते के हमले में 11 साल का लड़का घायल हो गया। इसके बाद कुत्ते के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात मानखुर्द इलाके में हुए हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान वहां मौजूद अन्य लोग भी बच्चे की मदद करने के बजाए मजे लेते रहे।

घायल लड़के के पिता ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है।



इसके मुताबिक हमजा नाम का बच्चा एक आवासीय क्षेत्र में खड़े ऑटोरिक्शा के अंदर दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान आरोपी सोहेल हसन खान (43) अपने पिटबुल कुत्ते के साथ उधर से गुजरा। लड़का और उसके दोस्त कुत्ते को देखकर उत्साहित हो गए और पिटबुल-पिटबुल चिल्लाने लगे। इस पर कुत्ते का मालिक ऑटो में घुसा और सभी बच्चों को कुत्ते से डराने लगा। बाकी बच्चे तो वहां से भागने में कामयाब रहे, लेकिन हमजा नहीं भाग पाया।

# तारा और वीर ने रिश्ते को किया कन्फर्म?

### ■ इंस्टाग्राम पर किया प्यार का इजहार

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया हमेशा ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। तारा प्रोफेशनल लाइफ से कहीं ज्यादा अपनी लव लाइफ को लेकर खबरों में रहती हैं। आदर जैन संग ब्रेकअप के बाद अब उनका नाम आए दिन किसी न किसी के साथ जुड़ रहा है। कुछ दिनों पहले तारा, एपी ढिल्लों के साथ अफेयर की खबरों को लेकर चर्चा में थीं। लेकिन अब तारा सुतरिया का नाम बॉलीवुड एक्टर वीर पहाड़िया के साथ जुड़ रहा है। यही नहीं, अब लग रहा है कि दोनों ने अपना रिश्ता दुनिया के सामने कबूल कर लिया है।

#### सिजलिंग लुक हुआ वायरल

दरअसल, हाल ही में तारा सुतारिया ने एपी ढिल्लों संग लेटेस्ट फोटोशूट कराया है, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की है। इस सिजलिंग फोटोशूट में तारा और एपी दोनों ही एक दूसरे संग कोजी पोज देते नजर आ रहे हैं। इस दौरान तारा के लुक की बात करें तो उन्होंने शॉर्ट शिमरी बैकलेस वनपीस ड्रेस पहनी है, जिसमें वो बेहद ग्लैमरस नजर आ रही हैं। वहीं, एपी ढिल्लों ने व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक पैंट पहनी है।

तारा सुतारिया और एपी ढिल्लों के इन फोटोशूट पर एक्टर वीर पहाड़िया के कमेंट ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। तारा की तस्वीर पर कमेंट करते हुए रूमर्ड बॉयफ्रेंड वीर ने लिखा- 'माई'। इसके साथ वीर ने एक स्टार और लाल दिल वाले इमोजी भी शेयर किया। इस पर तारा ने भी जवाब देते हुए लिखा- 'माइन'। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने हार्ट और ई विल आई इमोजी भी शेयर किया है।




## आम सूचना

हम श्रीमती जानकी सी. भगत, श्रीमती विमला इंदर वसीयानी, श्रीमती समायरा रहुगन प्रिथियानी व श्री विजयकुमार सचानंद प्रिथियानी सभी को सूचित कर रहे हैं 1/3 शेयर आफ शॉप नं. 1, ग्राऊंड फ्लोर, कपलेश्वर पैलेस, प्लाट नं. 271, सेक्शन 6-बी, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 24बीओ018434500(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती जानकी सी. भगत, श्रीमती श्रीमती विमला इंदर वसीयानी व श्रीमती पदमा विजय प्रिथियानी के नाम पर है। इसमें से श्रीमती पदमा विजय प्रिथियानी ने अपना 1/3 शेयर श्रीमती समायरा रहुगन प्रिथियानी व श्री विजयकुमार सचानंद प्रिथियानी को सेल एग्रीमेंट दि. 22.4.2018 द्वारा बेचा है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती जानकी सी. भगत, श्रीमती विमला इंदर वसीयानी,
श्रीमती समायरा रहुगन प्रिथियानी व
श्री विजयकुमार सचानंद प्रिथियानी

## आम सूचना

मैं श्री सोपान गणपत पानपाटील सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 139 के पास, टिलक नगर, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 05एओ014382200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री एकनाथ गणपत पानपाटील के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 21.7.2025 सी.नं. 2574/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सोपान गणपत पानपाटील**



## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

जा.क्र.उमपा/स.आ./प्र.स.2/146/2025
सहा. आयुक्त यांचे कार्यालय,
प्रभाग समिती क्र. 2, मोहनदास रामरख्यानी हॉल,
सपना गार्डन जवळ, उल्हासनगर-3
दिनांक : 21/07/2025

### नोटीस

**(महाराष्ट्र (नागरी क्षेत्र) झाडांचे संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 चे कलम 8(3) अन्वये)**

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र.2 चे हद्दीत खाली नमुद केलेल्या ठिकाणी झाडाच्या फांदया छाटणेकरिता प्रस्ताव प्राप्त झालेला आहे. सदर ठिकाणी असणारी झाडांच्या फांदया छाटणेकरिता मंजुरी मिळणेकामी प्रस्ताव वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त, प्रभाग समिती क्र.2 यांनी वृक्ष प्राधिकरणाच्या सभेपुढे ठेवण्याचे योजिले आहे.

| अ.क्र. | अर्जदाराचे नांव | ठिकाण | झाडांचे प्रकार | झाडाची संख्या | धोकादायक फांदयाची संख्या | फांदयाची लांबी अंदाजे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उद्योग विहार इंडस्ट्रीयल कॉ. आप. हौसिंग सोसायटी, | विठ्ठलवाडी, रेल्वे स्टेशन जवळ, उल्हासनगर-3 | पिंपळ | 1 | 02 | 20 फुट |
| | | | वड | 1 | 04 | 20 फुट |
| | | | पिंपळ | 1 | 04 | 10 ते 15 फुट |

तरी, उक्त ठिकाणी नमुद झाडाच्या फांदया छाटणेकरिता ज्या कुणा इसमाची हरकत असेल त्यांनी आपली हरकत लेखी स्वरुपात दिनांकर 7/07/2025 पूर्वी सहायक आयुक्त, प्रभाग समिती क्र. 2 यांचेकडे सादर करावी. मुदतीत हरकत प्राप्त झाल्यास संबंधितांची सुनावणी घेवून अंतिम निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

**जा.क्र. उमपा/पीआरओ/204/2025**
**दिनांक :- 21/07/2025**

सही/-
**(गणेश शिंपी)**
वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त
प्रभाग समिती क्र. 2
उल्हासनगर महानगरपालिका



उल्हास विकास NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास


Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017

सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099